# किसानों को गेहूं पर प्रति क्विंटल 40 रुपए बोनस

**▸ प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी हरी झंडी**

**भोपाल, 17 मार्च. प्रदेश में किसानों को मौजूदा सीजन में गेहूं उपार्जन पर प्रति क्विंटल 40 रुपए बोनस दिया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में पहले ही घोषणा कर दी थी. लिहाजा मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है.**



यहां बता दें कि केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है. पिछले वर्ष के मुकाबले एमएसपी में 160 रुपए की बढ़ोतरी की गई है. वहीं अब इसमें 40 रुपए बोनस के और जुड़ जाएंगे. इससे प्रदेश में अब गेहूं की सरकारी खरीदी पर किसानों को प्रति क्विंटल 2625 रुपए का भुगतान किया जाएगा. प्रदेश में मौजूदा सीजन में गेहूं उपार्जन के लिए 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है. पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया था, लेकिन इस बार इसमें मामूली बढ़ोतरी की है, पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल में गेहूं की खरीदी की थी. पिछले वर्ष एमएसपी 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई थी. निर्णय अनुसार उपार्जित गेहूं में से भारत सरकार द्वारा स्वीकार न की जाने वाली सरप्लस मात्रा का निस्तारण मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा खुली निविदा के माध्यम से किया जाकर इस पर होने वाला व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा. किसानों को बोनस राशि का भुगतान विभागीय मद में बजट प्रावधान कराकर तथा सरप्लस मात्रा के निस्तारण व्यय की प्रतिपूर्ति मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के तहत आवंटित बजट से किया जाएगा. कैबिनेट ने शासकीय आवास गृह, विश्राम गृहों के रखरखाव और अनुरक्षण के लिये एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए के लिए 200 करोड़ 35 रूपये की स्वीकृति दी है.

## उज्जैन में दो ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनेंगे

कैबिनेट ने उज्जैन में दो ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इसी के साथ लोक निर्माण विभाग के दूसरे विकास कार्यों को भी हरी झंडी दी गई है, जिस पर कुल 4525 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी. निर्णय के तहत उज्जैन शहर में चिमनगंज मंडी इंद्रा नगर चौराहा से इंदौर गेट तक 4-लेन ऐलिवेटेड कॉरिडोर एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक 2 लेन ऐलिवेटेड कॉरिडोर लंबाई 5 .32 कि .मी . के निर्माण कार्य को विभागीय सूचकांक से मुक्त रखते हुए लागत राशि 945 करोड़ 20 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई. मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम की एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 और जन भागीदारी अंतर्गत विकास हेतु अनुदान योजना की एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 7 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है. एनडीबी से वित्त पोषण पुल और सडक़ निर्माण की योजना की निरंतरता के लिए 50 करोड़ 10 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है. इसी तरह मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-6 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1543 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है.



# प्रदेश के कई जिलों में 3 दिन बारिश का अलर्ट

**18 से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ**

**भोपाल, 17 मार्च. मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच अब मौसम में बड़ा बदलाव आने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च से एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिलेगा.**

इसके चलते 18 से 20 मार्च तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रह सकता है. राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित कई प्रमुख शहरों में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं. हालांकि इससे पहले मंगलवार तक तेज गर्मी और धूप लोगों को परेशान करती रहेगी.

मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार यह सिस्टम 17 मार्च की रात से सक्रिय होना शुरू होगा और अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को प्रभावित करेगा.

कहीं तेज हवाएं चलेंगी, तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है.

फिलहाल प्रदेश में गर्मी का असर बना हुआ है. कई जिलों में तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. खरगोन में सबसे अधिक 38.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.

इसके अलावा नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सिवनी, मंडला, टीकमगढ़, सागर और खजुराहो में भी पारा 37 डिग्री के ऊपर रहा. बड़े शहरों में जबलपुर सबसे गर्म रहा, जहां 35 .8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. भोपाल में 35 .2 डिग्री, इंदौर और उज्जैन में 35 डिग्री, जबकि ग्वालियर में 34 .1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने आगे चेतावनी दी है कि अप्रैल और मई में प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ सकती है. अनुमान है कि इस दौरान 15 से 20 दिनों तक लू चल सकती है. मार्च के अंतिम सप्ताह से ही इसका असर दिखने लगेगा.

## एक नजर में

### नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम का समापन आज

**भोपाल.** 'मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम 2026' का समापन आज 18 मार्च को जहांगीराबाद स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में किया जाएगा. कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस समागम का आयोजन नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है. समापन समारोह के दौरान नागरिक सुरक्षा गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रदेश में तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला जाएगा.

# बैतूल में सुरभि खण्डेलवाल की श्रद्धांजलि सभा आज

**भोपाल, 17 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खण्डेलवाल के देवलोकगमन पर पुण्य आत्मा की पावन स्मृति में 18 मार्च बुधवार को बैतूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी.**



प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने आज बताया कि श्रद्धांजलि सभा बुधवार को दोपहर 2 बजे से विजय सेवा न्यास के सामने न्यू बैतूल ग्राउंड, कोठी बाजार में आयोजित की जाएगी. श्रद्धांजलि सभा में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, पार्टी कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं परिजन स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे.

# कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर बल

## भोपाल में भाजपा कोर कमेटी बैठक संपन्न

**भोपाल, 17 मार्च. राजधानी भोपाल में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में भिंड जिले की भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई.**



बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए, इन पर सकारात्मक विचार-विमर्श करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर सहमति बनी. साथ ही संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया. कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया. संगठनात्मक समन्वय मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी विशेष बल दिया गया. बैठक में कैबिनेट मंत्री एवं मेहगांव विधायक राकेश शुक्ला, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, जिला प्रभारी हमीर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# पर्यावरण की हालिया स्थिति के आंकलन पर मंजूरी की उठी आवाज

## बीना कोयला खदान विस्तार के लिए हुई जनसुनवाई में हंगामा

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 17 मार्च । एनसीएल सिंगरौली के परियोजना बीना कोयला खदान का उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए आज दिन मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण की हालिया स्थिति के आंकलन के बाद मंजूरी देने की पूरजोर मांग उठाई । ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में प्रदूषण रिकॉर्ड स्तर पर है।**



उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से क्षेत्रीय पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन बीना स्टेडियम में किया गया था। इसकी अध्यक्षता एडीएम न्यायिक रमेश चंद्रा ने किया। इसके पहले अधिकारियों के तय वक्त पर नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। एनसीएल प्रबंधन के अधिकारियों के हस्तक्षेप से यह हंगामा शांत हुआ। अभी एनसीएल की बीना कोयला खदान की वार्षिक कोयला उत्पादन क्षमता 10.50 मिलियन टन है। विस्तार के बाद यह क्षमता 17.50 मिलियन टन हो जाएगी। 7 मिलियन टन सालाना वृद्धि के लिए यूपी व एमपी क्षेत्र की भूमि अधिग्रहित की जानी है। इसमें वन क्षेत्र भी शामिल है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की ओर से रामलखन, शुभम दुबे, अंकुश दुबे, योगेंद्र प्रधान, प्रकाश प्रधान, पंचू प्रधान, हीरा लाल, देवेंद्र गुप्ता, रोहित भारती सहित अन्य लोगों ने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए पर्यावरण आंकलन के बाद ही खदान विस्तार को मंजूरी देने का आग्रह किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बताया गया कि बीना कोयला क्षेत्र प्रबंधन को 10.50 मिलियन टन से 17.50 मिलियन टन वार्षिक कोयला उत्पादन में वृद्धि और क्षेत्र के लिए 1790.377 हेक्टेयर से 2079.221 लगभग 288.844 हेक्टेयर तक की वृद्धि के लिए सभी मानको को पूरा करने के साथ शासन को रिपोर्ट भेजा जाएगा। 288.844 हेक्टेयर वन भूमि म.प्र. राज्य में अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी आरके सिंह, बीना प्रबंधन के अधिकारियो के साथ चंदुआर, घरसड़ी, मिसरा, कोहरौलिया, जमशिला, बांसी, बरवानी, चुड़िदह के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व पीएससी तैनाती की गई थी।

### सहमति पत्र पर हस्ताक्षर को लेकर भड़के ग्रामीण

बीना स्टेडियम में कोयला खदान विस्तार को लेकर आज दिन मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में स्टेडियम गेट पर ही प्रबंधन की ओर से ग्रामीणों से उपस्थित रजिस्टर के जगह सहमति पत्र पर हस्ताक्षर लेने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की रजिस्टर के बजाय सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं, जो अनुचित है उन्होंने मामले की जांच की मांग किया। वहीं जनसुनवाई के दौरान निर्धारित समय से चार घंटे देर से पहुंचे अधिकारियों पर ग्रामीण भड़क गए। प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा निर्धारित समय से चार घंटे देर से अधिकारी पंहुच रहे हैं, जिससे धूप में जनता परेशान है। प्रबंधन के अधिकारी किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

# एसपी सीधी ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए सख्त निर्देश

**सीधी 17 मार्च, आमजन की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील निराकरण के लिए सीधी पुलिस की प्रतिबद्धता निरंतर जारी है।**

इसी क्रम में आज 17 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के समक्ष अपनी व्यथा रखी। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में आए प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। आज प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक कलह और सायबर अपराध/धोखाध?ी से संबंधित मामले सामने आए। एसपी ने शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष जांच और कार्यवाही के क? निर्देश दिए। पूर्व में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन प्रकरणों पर अप्रसन्नता व्यक्त की जिनमें कार्यवाही लंबित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों को जो?कर शिकायतों का ऑनलाइन सत्यापन किया गया, जिससे कई मामलों में मौके पर ही निर्देश जारी कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई।

## एक से होगी गेहूं की खरीदी

**भोपाल.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में एक अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी. गेहूं की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी.


## नाम सुधार सूचना

मै शिवपाल यादव पिता अच्छेलाल यादव निवासी विद्यालय के पास लटागांव जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना है जिसका नं.MP19 2016 0163757 है जिसमें मेरे पिता जी का नाम **A L YADAV** दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम अच्छेलाल यादव (Achhe lal Yadav) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है. अत: मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज पिता जी का नाम **A L YADAV** के स्थान पर सही नाम अच्छेलाल यादव **(Achhe lal Yadav)** दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.


# तृतीय दिवस शिव- पार्वती विवाह पर कथा

**चाकघाट 17 मार्च,** स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर में विगत दिवस 14 मार्च से चल रही संगीत में श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर अखंड भारत धर्म जागरण यात्रा के वाहक एवं कथा वक्ता आचार्य परम श्रद्धेय अरविंद शुक्ला जी ने अध्यात्म पर व्याख्यान देते हुए धर्म के स्वरूप, मानव जीवन का परम लक्ष्य, जीवन की सार्थकता एवं सुख - दुख के कारण व आध्यात्म के जरिए उसके निवारण पर विस्तृत जानकारी देते हुए श्री राम कथा के प्रसंग में भगवान आशुतोष एवं माता पार्वती जी के मंगल विवाह की कथा सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर किया । आचार्य श्री जी का



कथन है, कि प्रत्येक सनातनी को धर्म से जुड़ना चाहिए और धर्मशास्त्र के अनुरूप बताए गए समस्त कृत्य को करना चाहिए । जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की मानव जीवन में कोई भी बाधा न आ सके, शेष बचे हुए दिनों की कथा एवं आध्यात्म परिचर्चा में आप अब भी शामिल होकर प्रभु सेवा में अपना कुछ बहुमूल्य क्षण का दान करें, जिससे आप सब का भी प्रभु इच्छा से आगम सदा सर्वदा के लिए सुख में हो सके.

# नवरात्रि पर चैतन्य झांकी का होगा आयोजन

**सिरमौर 17 मार्च,** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज, सिरमौर द्वारा शिव मंदिर परिसर में भव्य "चैतन्य झांकी" का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवी शक्तियों के सजीव स्वरूप, आध्यात्मिक जागृति तथा आत्मिक शांति का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा देवी स्वरूपों की सुंदर एवं जीवंत प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें नारी शक्ति, संस्कारों की शुद्धता एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को दर्शाया जाएगा। "चैतन्य झांकी" का मुख्य उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना और नवरात्रि के



वास्तविक आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की ओर से बीके आकांक्षा बहन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि आत्मशक्ति को जागृत करने का श्रेष्ठ समय है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने जीवन में पवित्रता, सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाते हैं, तभी सच्चे अर्थों में देवी शक्तियों का अवतरण हमारे जीवन में होता है।


## सूचना

मैं कि विरेन्द्र सिंह परिहार पिता दिनेश प्रताप सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी जरहा पो. जरहा तह. व जिला सिंगरौली (म.प्र.) का निवासी हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ मुझ शपथकर्ता के पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम आयुष सिंह परिहार है। जो मेरे पुत्र के आधार कार्ड शैक्षणिक रिकार्ड एवं अन्य सभी रिकार्डों में लेख है। मेरे पुत्र के नाम से LIC पॉलिसी क्रमांक 376911956 संचालित है जिसमें मेरे पुत्र का नाम शशांक सिंह परिहार एवं जन्मतिथि 28.11.2006 लेख है। आयुष सिंह परिहार एवं शशांक सिंह परिहार दोनो नाम एक ही है एक ही व्यक्ति का है मैं शपथकर्ता अपने पुत्र के उक्त अभिलेख पॉलिसी क्रमांक में अपने पुत्र का नाम आयुष सिंह परिहार जन्मतिथि 28.11.2008 करवाना चाहता हूँ। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि अपने पुत्र के उक्त पॉलिसी में अपने पुत्र का नाम एवं जन्मतिथि सुधार करवाने वास्ते यह शपथपत्र दे रहा हूँ जो सही व सत्य है।

## न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय सतना म0प्र0

प्रकरण कमांक 27/25 डब्लू सी एक्ट वि0
बेवा रजनी देवी
**- बनाम-**
राजेन्द्र कुमार गुप्ता

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनीष कुमार जीवनानी की अनावेदक संस्थान में काम करते हुए दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति धन रु. 507,072/-मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है.

उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 27 .04 .2026 को नियत की गई है।

अत: जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो वह सुनवाई दिनांक 27 .04 .2026 को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें।

यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवे। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह भी ले आवे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 16 .03 .2026 को जारी किया गया।

अदालत की मुद्रा

**अभिषेक कुमार त्रिपाठी**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0**
**श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**

## सूचना/इश्तहार

दिनांक- 17 .03 .2026

हर आम व प्रास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री कामता प्रसाद कुशवाहा पिता स्व0 महिपाल कुशवाहा के मालिकाना स्वामित्व व कब्जा दखल की मौजा सेजहटा स्थित आराजी खसरा नं0 30/1 रकवा 0 .1220 हे .को विक्रय करने का सौदा नोटिस गृहीता/देवदत्त सिंह पिता श्री शिवप्रताप सिंह निवासी एमआईजी (एसआर-20) हाउसिंग बोर्ड कालोनी जिला सतना म0प्र0 द्वारा अनुबंध पत्र बावत विक्री जमीन दिनांक 08 .07 .2025 को उपरोक्त वर्णित आराजी 8,00,000/- रूपए (आठ लाख रूपये) में विक्रय का सौदा लिखाया था जिसमें बतौर एडवान्स मात्र 150,000/- रूपये दी गई है। किन्तु अनुबन्ध पत्र में निर्धारित म्याद 06 समाप्त होने के बावजूद भी देवदत्त सिंह द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन शेष प्रतिफल राशि अदा कर नहीं करायी जा रही है। मेरे पक्षकार के द्वारा संद्भाविक रूप से बार-बार निवेदन करने के बावजूद भी देवदत्त सिंह के द्वारा तरह-तरह की बहानेबाजी करके मेरे पक्षकार को भटकाया जा रहा है मेरे पक्षकार द्वारा जरिये अधिवक्ता नोटिस दिनांक 07 .03 26 को भेजी गई थी जो देवदत्त सिंह को प्राप्त हो चुकी है किन्तु देवदत्त सिंह द्वारा कोई तत्परता नहीं दिखाई गई है। जिससे नोटिस का प्रकाशन कराना आवश्यक हो गया है।

अत: नोटिस प्रकाशन के माध्यम से देवदत्त सिंह व हर आम खास को सूचित किया जाता है कि अनुबंध पत्र बावत विक्री जमीन दिनांक 08 .07 .2025 के पंजीयन में की जा रही लापरवाही के परिणामत: अनुबन्ध आज दिनाक को समाप्त किया जाता है तथा मेरा पक्षकार अपनी भूमि किसी अन्य को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र हो जायेगा।

**भवदीय**
**पुष्पेन्द्र बागरी एडवोकेट**
**जिला न्यायालय सत्तना म0प्र0**

Presiding Officer : **श्री मुकेश सिंह चौहान**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000097/2024)

**स्व .कामता प्रसाद डोहर (मृत) ..........वादी**
Vs
**स्व .एगसिया लोहार ..... .प्रतिवादी**

Process Id-85/2026 **पेशी दिनांक:-17.04.2026**

**प्रेषिती- (1) कृष्णा विश्वकर्मा स्व .रामदयाल विश्वकर्मा, (2) प्रेमवती विश्वकर्मा स्व .रामदयाल विश्वकर्म, (3) श्याम विश्वकर्मा पिता स्व .रामदयाल विश्वकर्मा, (4) गिरजा विश्वकर्मा स्व .रामदयाल विश्वकर्मा, (5) दयाशंकर लोहार पिता स्व .रामदयाल लोहार, (6) शंकर लोहार स्व .रामदयाल लोहार सभी निवासी टिकुरिया टोला डिलौरा लखन चौराहा के पास वार्ड नं .37 तहसील रघुराजनगर जिला सतना**

**यह कि प्रार्थी स्व . कामता प्रसाद डोहर (मृत) ने आपके विरूद्ध आरसीए के लिये वाद संस्थित किया है .आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिय गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें . आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें . सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें . आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा . साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावों यह आज तारीख 27 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है .**

न्यायालय की मुद्रा

**(मुकेश सिंह चौहान)**
**ग्यारहवें जिला न्यायाधीश सतना**
**जिला सतना (म .प्र .)**

**कृपया ध्यान दें:-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा


# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**चाकघाट 17 मार्च, जनहित बहुउद्देशीय समिति सोहागी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पं. सत्यनारायण डिग्री कालेज सोहागी में आयोजित किया गया ।**



कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता मे वृद्धि करना है । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नवांकुर संस्था सूरज विकास समिति सेगरवार के अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय , नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तुलसीपूर्वा के अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द मिश्रा , प्रेरणा युवा मण्डल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे , मेन्टर नीरज तिवारी ,सुशील यादव , प्रशिक्षक के रुप में उपस्थित रहें ।

शिवाकांत पाण्डेय जी ने प्रस्फुटन योजना एवं उद्देश्य , नवांकुर योजना व सृजन विषय पर प्रशिक्षण दिये , सुशील यादव ने मुख्यमंत्री समुदायिक विकास क्षमता पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण दिये , नीरज तिवारी जी ने परिषद व्दारा आयोजित अभियानों एवं कार्यक्रमो में समिति की भूमिका विषय पर , प्रदीप दुबे ने स्वयं सेवी संस्थाओं के गठन एवं प्रबन्धन विषय पर , ब्रह्मनन्द मिश्रा ने समितियों का दस्तावेजीकरण पर समिति अध्यक्ष राजीव दुबे ने जन-अभियान परिषद एप पर फीडिंग विषय पर प्रशिक्षण दिया । कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहें साथ ही समितियों के पदाधिकारियों के अतिरिक्त अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें ।

मुख्यरूप से श्रीमती राजकुमारी आदिवासी , श्रीमती रन्नू आदिवासी , अमित तिवारी , श्री राधेश्याम पाल , छेदीलाल हरिजन , अभिनन्दन मिश्रा , नीरज तिवारी , छोट्टन आदिवासी , कार्यक्रम के अन्त में जनहित बहुउद्देशीय समिति के अध्यक्ष राजीव दुबे एवं शिवाकांत पाण्डेय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और आभार प्रदर्शन राजीव दुबे ने किया । प्रशिक्षण उपरांत स्वाल्पाहार की व्यवस्था की गई ।


## Office of Satna Smart City Development Limited (SSCDL)

**373/1, ICC Building, Collectorate Campus Dhawari, Satna (M.P.), Pin-485001**

### e-TENDER NOTICE

Ref. No. SSCDL/2025/Admin/118/105 Satna, Dated:17/03/2026
**Tender No: 2026_UAD_**

Online tender through e-tendering is invited by Satna Smart City Development Limited (SSCDL), Satna, M.P. for Innova, Scorpio, Bolero and Swift Vehicle for Renting at Satna Smart City Development Limited Satna (M.P.) 1st Call.

The brief details of the project are as below:
(i) Document Download/Sale Start Date: 17.03.2026, 18:00 Hrs.
(ii) Bid Submission Start Date: 17.03.2026, 18:30 Hrs.
(iii) Bid Submission Closing Date: 16.04.2026, 15:00 Hrs.

For eligibility details, EMD and terms & condition of the tender please visit https://mptenders.gov.in

**Chief Executive Officer**
**Satna Smart City Development Limited**
**Satna (M.P.)**

## कार्यालय, कलेक्टर, जिला रीवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन,राजस्व विभाग

प .क्र . 1052-प्र .वा . -भू-अर्जन-2026 रीवा, दिनांक 15 जनवरी 2026

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया हे की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013, संशोधन (क्र . एक, सन् 2013) की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

**।।अनुसूची ।।**

भूमि का विवरण :- (म .प्र . शासन/निजी खाता)
जिला -रीवा, तहसील- हुजूर, ग्राम- ढेकहा, क्षेत्रफल- 0 .005 हे .

| क्र . | भूमिस्वामी का नाम | खसरा क्र . | अर्जित रकबा (हे . में) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनीसअली पुत्री इकराम हुसैन पत्नी उस्मानी पता मैदानी रीवा मध्यप्रदेश | 175/10 | 0 .001 |
| 2 | राजेन्द्र शर्मा पिता राममिलन शर्मा पता ढेकहा हुजूर नगर रीवा मध्यप्रदेश | 175/12 | 0 .001 |
| 3 | बेवा शकुंतला पति राजसिंह, हर्षवर्धन, हर्षिका पिता राजसिंह पता कृषि महाविद्यालय परिसर रीवा | 175/20 | 0 .001 |
| 4 | विदेहराज गुप्ता पिता हरिश्चंद्रगुप्ता पता ढेकहा हुजूर नगर रीवा मध्यप्रदेश | 175/7 | 0 .001 |
| 5 | सतीश कुमार पिता हरिश्चंद्र जाति गुप्ता पता ढेकहा हुजूर नगर रीवा मध्यप्रदेश | 175/8 | 0 .001 |

1 . सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - **" रीवा शहर के ढेकहा तिराहे पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट एवं सड़क निर्माण"** में आने वाले निजी / शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु ।
2 . भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय जिला रीवा (भू-अर्जन शाखा) में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(प्रतिभा पाल)**
कलेक्टर, जिला रीवा
एवं पदेन अपर सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग